श्याम का Birthday आ गया | By Ravi Sharma

हर ग्यारस से दो गुना खुमार हम पे छा गया
मेरे मेरे मेरे बाबा श्याम का Birthday आ गया

कार्तिक का पावन महीना ग्यारस चान्दण की आई
श्याम प्रेमियों के चेहरे पे देखो लाली सी छाई
धरती झूम रही मस्ती में और अम्बर भी गा रहा
मेरे मेरे मेरे बाबा श्याम का Birthday आ गया

खाटू नगरी सज गई है आसमान रंगीन है
भक्तों से मिलने का तो सांवरिया शौक़ीन है
तोरण द्वार का वो नज़ारा मानो कहर ही ढ़ा गया
मेरे मेरे मेरे बाबा श्याम का Birthday आ गया

लम्बी लगी कतारें हैं सभी श्याम के प्यारे हैं
दसो दिशा में गूँज रहे जय श्री श्याम के नारे हैं
रवि श्याम से रिटर्न गिफ्ट अब लेने खाटू आ गया
मेरे मेरे मेरे बाबा श्याम का Birthday आ गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-birthday-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-ravi-sharma/